पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

————

# राज्यपाल की अध्यक्षता में राजभवन में समारोह पूर्वक आयोजित हुआ भारत के तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस

————

# प्रधानमंत्री ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की अभिनव पहल के साथ देश के सभी राज्यों के विकास पर ध्यान दिया

————

# बच्चों को बाल्यावस्था से भ्रमण पर ले जाएं

————

# हमारा देश भारत सांस्कृतिक विविधताओं को साझा करने वाला देश है

**—राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

————

लखनऊः 02 जून, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज यहाँ राजभवन के गाँधी सभागार में समारोह पूर्वक तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने सभी को तेलंगाना स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना हमारे देश में सूचना प्रौद्योगिकी के अग्रणी राज्यों में से एक है और इसे देश की वैक्सीन राजधानी भी कहा जाता है। यह हमारे देश का सबसे युवा राज्य है। इसकी राजधानी हैदराबाद को टी—हब, वी—हब और अन्य नवाचार केन्द्रों के रूप में तेजी से उभर रहे शहर के रूप में भी पहचाना जाता है।

राज्यपाल जी ने अपने सम्बोधन में 02 जून, 2014 को तेलंगाना राज्य की स्थापना के बाद से अब तक तेलंगाना राज्य में केन्द्र सरकार द्वारा कराये गए विविध विकास कार्यों, स्वास्थय सुविधाओं के विकास, परिवहन सुविधाओं के विकास जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कराए गए कार्यों का स्मरण किया। उन्होंने बताया कि तेलंगाना में बीते 9 वर्षों में रेलवे बजट में लगभग 17 गुना की वृद्धि की गई। इससे नई रेल लाइन बिछाने का काम, रेल लाइनों की डबलिंग का काम, Electrificaton का काम तेजी से हुआ। देशभर में बड़े रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने का जो अभियान शुरू हुआ है, उसका लाभ भी तेलंगाना को मिल रहा है। उन्होंने स्मरण कराया कि अभी हाल ही में 08 अप्रैल, 2023 को मा0 प्रधानमंत्री जी ने सिकन्दराबाद से तिरूपति के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झण्डी दिखाकर प्रारम्भ किया। बीते 9 वर्षों में हैदराबाद में करीब 70 किलो मीटर का मेट्रो नेटवर्क बनाया गया है।

राज्यपाल जी ने बताया कि हैदराबाद में Multi Modal Transport System (MMTS) प्रोजेक्ट का तेजी से विस्तार हो, इसके लिए केन्द्र सरकार ने बजट में तेलंगाना के लिए भरपूर बजट का प्राविधान किया है। इससे हैदराबाद–सिकन्दराबाद सहित आसपास के जिलों के लाखों साथियों की सुविधा और बढ़ेगी। इससे नये बिजनेस हब बनेंगे और नये इलाकों में इन्वेस्टमेंट होगा।

उन्होंने बताया कि हाल ही में 8 अप्रैल, 2023 को देश के प्रधानमंत्री जी ने तेलंगाना में चार हाईवे प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया था। तेलंगाना में नेशनल हाइवे के विकास पर तेजी से हुए कार्य की चर्चा करते हुए राज्यपाल जी ने बताया कि साल 2014 में जब तेलंगाना का निर्माण हुआ

था, तब वहाँ 2500 किलो मीटर के आसपास नेशनल हाईवे थे, आज वहाँ 5 हजार किलो मीटर नेशनल हाईवे की लम्बाई हो गई है। इन वर्षों में केन्द्र सरकार ने तेलंगाना में नेशनल हाईवे बनाने के लिए बड़ी राशि दी है। इस समय भी तेलंगाना में बड़े स्तर पर केन्द्र के योगदान से रोड प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है।

राज्यपाल जी ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की अभिनव पहल तो की ही है, इसके साथ ही उन्होंने देश के सभी राज्यों के समग्र विकास पर भी ध्यान दिया है। देशभर में 7 मेगा टेक्सटाइल पार्क बनाये जा रहे हैं, जिसमें एक मेगा टेक्सटाइल पार्क तेलंगाना में भी बनेगा। इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। केन्द्र सरकार तेलंगाना में शिक्षा और स्वास्थय पर भी बहुत निवेश कर रही है। तेलंगाना में AIIMS का भी निर्माण हो रहा है। तेलंगाना राज्य ने प्रधानमंत्री जनधन योजना में सौ प्रतिशत कवरेज प्राप्त किया है।

हमारे प्रधानमंत्री जी ने 12 नवम्बर, 2022 को रामागुंडम खाद कारखाने का लोकार्पण किया था। रामागुंडम कारखाने से तेलंगान के साथ–साथ आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के किसानों को मदद मिल रही है। इस कारखाने की वजह से इसके आसपास दूसरे बिजनेस के अवसर बढ़े हैं। इसी क्रम में राज्यपाल जी ने तेलंगाना राज्य के प्रसिद्ध उद्योगों, शैक्षणिक संस्थानों, पर्वों, नृत्य एवं संगीत, शिल्प पर्यटक स्थलों, कृषि और पर्यावरण जैसी विशेषताओं पर भी चर्चा की।

राज्यपाल जी ने कहा कि भारत परिधान, पर्व, आभूषण, वनस्पति, वातावरण, व्यंजन और पर्यटन की विविधताओं से भरा हुआ है। हम सबको

भ्रमण शील होना चाहिए। विशेष रूप से बच्चों को छोटी उम्र में भ्रमण पर ले जाने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि इससे बाल्यावस्था से ही हमारे बच्चों में सांस्कृतिक विविधता की जानकारी और जुड़ाव की भावना विकसित होगी।

राज्यपाल जी ने समारोह में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मोहक प्रस्तुतियों तथा गोवा पर राजभवन के आई0टी0 सेल द्वारा निर्मित डाक्यूमेंट्री की विशेष प्रशंसा की। यहाँ उल्लेखनीय है कि आज के इस समारोह में उत्तर प्रदेश में निवासित तेलुगु एसोसिएशन के कलाकारों ने तेलुगु तल्ली गीत, भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के कलाकारों द्वारा तेलंगाना का प्रसिद्ध नृत्य भरतनाट्यम, शिव स्तुति, तिल्लाना और पेरिनी नाट्यम की मनोरम प्रस्तुति की। इसके अतिरिक्त कलाकरों ने तेलंगाना के प्रसिद्ध लोकनृत्यों और जनजातीय समुदाय के नृत्यों की मनोरम प्रस्तृति भी दी।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की तेलुगु एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री डी0एन0 रेड्डी ने राज्यपाल जी को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर अभिनंदर किया। राज्यपाल जी ने ''तेलुगु तल्लि'' चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर तेलंगाना निवासी अम्बेडकर विश्वविद्यालय की छात्रा ने भी राजभवन उत्तर प्रदेश में तेलंगाना स्थापना दिवस आयोजन पर अपनी प्रसन्नता प्रकट करते हुए विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही श्री डी0एन0 रेड्डी अध्यक्ष तेलुगु एसोसिएशन ने राजभवन में तेलंगाना स्थापना दिवस आयोजन पर तेलुगु एसोसिएशन की ओर से धन्यवाद और अभिनंदन किया।

इस अवसर पर समारोह में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन एवं कार्यक्रम संयोजक श्री

रवीन्द्र नायक, अध्यक्ष तेलुगु एसोसिएशन श्री डी0 एन0 रेड्डी, बड़ी संख्या में तेलुगु एसोसिएशन से जुड़े महानुभाव, भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के कलाकार, राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

———

डॉ0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361













